प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में आज बहनों का सुरक्षा–सम्मान पर्व मनाया जायेगा– राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हर आंगनबाडी महिला कार्मिक के खाते में 501 रुपये हस्तांतरित करेंगे।

- मुख्यमंत्री ने ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना का शिलान्यास किया–कहा, हर गांव ढाणी तक बेहतर सुविधाएं पंहुचाना राज्य सरकार का संकल्प।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को 'एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

- प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना के लिए विशेष पंजीकरण अभियान की अवधि बढ़ाकर 15 अगस्त की गई।

00000

प्रदेश में आज बहनों का सुरक्षा–सम्मान पर्व मनाया जाएगा। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। **मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन** थीम पर आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आंगनबाड़ी बहनों को सम्मान स्वरूप राशि प्रदान करेंगे। प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को राखी के उपहार के तौर पर 501–501 रुपये उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किये जाएंगे। उपमुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दिया कुमारी भी इस आयोजन में शिरकत करेंगी। सभी जिलों में भी कार्यक्रम रखे गये है, जहां राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार का संकल्प हर गांव–ढाणी और हर व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाकर लोगों का जीवन बेहतर बनाना है। उन्होंने कल दौसा जिले के डूंगरपुर गांव में ईसरदा–दौसा पेयजल परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम में ये बात कही। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के काम वर्ष 2027 तक पूरे कर लिये जायेंगे। इससे 302 गांवों की लगभग 5 लाख 58 हजार आबादी को पीने का साफ पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्षो पुरानी जल संरक्षण की परम्परा को सहेजने के लिए प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान शुरू किया गया था। इसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

....

0000

वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में किये जा रहे पौधरोपण का भौतिक सत्यापन करवाकर उनके जीवित रहने की दर की जांच की जा रही है। इसके लिए त्रिस्तरीय मुल्यांकन पद्धति अपनाई गई है। श्री शर्मा कल चित्तौड़गढ़ के सर्किट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दस करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य में से अब तक करीब 8 करोड़ पौधे लगाये जा चुके हैं। वन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये एक मिथक मात्र है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। इस तरह का खनन राजस्व भूमियों पर किया जा रहा है। उन्होंने चित्तौड़ किले की तलहटी के वन क्षेत्र में हो रहे कब्जों पर भी जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

000

उच्च न्यायालय ने प्रदेश के स्कूलों की इमारतों की बदहाल स्थिति और उनमें संसाधनों के अभाव से जुड़े मामले में केंद्र और राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता

सहित अन्य वकील पेश हुए। उन्होंने अदालत से मामले में जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने उन्हें दो सप्ताह का समय देते हुए प्रकरण की सुनवाई 18 अगस्त को तय की है। गौरतलब है कि अदालत ने 28 जुलाई को स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल, परीक्षा पे चर्चा को 'एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह मान्यता माई गॉव प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान तीन करोड़ 53 लाख पंजीकरणों के साथ हासिल की गई उपलब्धि का प्रमाण है। परीक्षा पे चर्चा श्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप एक अनूठा मंच है। इसमें प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद करते हैं। नई दिल्ली में कल एक समारोह में आधिकारिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस उपलब्धि को गौरव का विषय बताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि इससे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के अपार उत्साह और सहभागिता का पता चलता है।

0000

नागौर जिले के जायल उपखण्ड मुख्यालय पर आंकाक्षा हाट मेला लगाया गया है। वोकल फोर लोकल अभियान के तहत लगाये गये इस मेले का शुभारम्भ महिला और बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार और जिला कलेक्टर अरूण कुमार पुरोहित ने किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि 9 अगस्त तक चलने वाले मेले के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

.....

0000

कोटा जिले में आज से विभिन्न स्थानों पर वित्तीय साक्षरता शिविर लगाये जा रहे है। 8 अगस्त तक चलने वाले इन शिविरों का उद्देश्य आमजन में वित्तीय साक्षरता को बढावा देना और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पंहुचाना है। शिविरों में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जायेगी तथा उनका पंजीकरण करने और आवेदन भरने में सहायता दी जायेगी।

0000

हनुमानगढ जिले का प्रसिद्ध गोगामेडी मेला 9 अगस्त से शुरू होगा। इसको लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही है। हमारी संवाददाता ने बताया कि हर साल यहां लगभग 25 लाख श्रद्धालु पंहुचते है। उनकी सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर इस बार प्रशासन ने कई नई पहल की है।

.....

0000

प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना के लिए विशेष पंजीकरण अभियान की अवधि बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। योजना के तहत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की अगुवाई में गर्भवती और धात्री महिलाओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाता है। इस योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना इस योजना का उद्देश्य है।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग में कहीं—कहीं बरसात हो सकती है।

00000